संक्षिप्त

ज्ञापन सौंपा

निवाई। ग्राम पंचायत चैनपुरा को नगरपालिका में नहीं जोडक़र यथावत ग्राम पंचायत मुख्यालय रखने की मांग को लेकर सैकड़ों ग्रामीणों ने तहसीलदार नरेशकुमार गुर्जर को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीण रामस्वरूप गुर्जर, भंवरलाल, हनुमान, रामफुल, रामकिशोर, नंदकिशोर, रामकरण, मनीष, शंकर, नरसी, सूरजमल व दीपक सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत चैनपुरा तहसील निवाई से करीब 5 किलोमीटर दूर स्थित है। जिसके कारण छोटे-छोटे काम के लिए काफी परेशानी का सामना होगा। साथ ही ग्राम पंचायत चैनपुरा के आसपास कहीं गांव ढाणीया जुड़ी है। ग्राम पंचायत चैनपुरा में समस्त कार्यालय आदि बने हुए हैं। यदि ग्राम पंचायत चैनपुरा को नगरपालिका में जोड़ा जाता है तो ग्राम चैनपुरा की साथ-साथ उसमें आने वाले गांव व ढाणीया पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो जाएगी। उन्होंने चैनपुरा पचायत को यथावत रखने की मांग की है।

हरिदास महाराज की पुण्यतिथि मनाई

राजगढ़। कस्बे के माचाड़ी मार्ग स्थित देवी मंदिर पर हरिदास महाराज की 34 सी पुण्यतिथि श्रद्धा एवं समर्पण भाव के साथ मनाई। इस अवसर पर उनके जीवन से सीख लेने एवं उनके बताए गए मार्ग पर चलने का श्रद्धालुओं ने आ ान किया। इससे पूर्व रामचरितमानस पाठ का समापन मंगलवार को प्रात: हुआ,इसके पश्चात हवन यज्ञ के साथ वह आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर बाबा हरिदास महाराज की समाधि पर फूल माला एवं भव्य सजावट की गई। इस अवसर पर भजन सत्संग का भी आयोजन किया गया। इस दौरान ओम शर्मा, गोविंद, ओमप्रकाश लोहिया, रामपाल, पूर्ण राही, महेश चंद, पप्पू सैनी एवं अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

पोस्टर का किया विमोचन

कोटपूतली। फ्यूचर अलायंस एन.जी.ओ के कार्यकर्ताओं की बैठक मंगलवार को अध्यक्ष पवन कुमार सैनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें आगामी 10 अप्रैल को तारा माध्यमिक विद्यालय, रसनाली में आयोजित होने वाले रक्तदान व मेडिकल कैंप को लेकर चर्चा की गई। वहीं मुख्य अतिथि श्री सीताराम दास महाराज के कर कमलों द्वारा शिविर के पोस्टर का विमोचन करवाया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष रामकुमार सैनी रसनाली, पत्रकार बिल्लूराम सैनी, प्रदेश युवा उपाध्यक्ष उदय तोंदवाल, जिला उपाध्यक्ष प्रकाश तोंदवाल, एड. योगेश सैनी, विजय सैनी, दयाराम गुर्जर, नवीन कुमार सैनी, जितेंद्र बानसूर, महेंद्र बानसूर, घनश्याम सैनी, संजय हाजीपुर, जितेन्द्र सांखला, अजय समेत अन्य मौजूद रहे।

महाराज राम प्रिया शरण सीताराम मंदिर के मंहत बने

चाकसू। रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 7 जयपुर स्थित सीताराम मंदिर के महंत फलाहारी बाबा का कुंभ मेले के दौरान स्वर्गवास होने जाने के पश्चात लड़ी वालों की बगीची के पुजारी महाराज राम प्रिया शरण को उक्त मंदिर का महंत बनाकर चादरपोशी की गई। इस पर क्षेत्र के श्रद्धालु सतीश शर्मा बीलवा, अवधेश शर्मा दयापुरा, प्रहलाद शर्मा नया निमोड़िया, श्रीराम शर्मा दयापुरा, हेम सिंह राठौड़ चंदलाई सहित कई श्रद्धालु ने वहां पहुंचकर महाराज को माला पहनकर तथा चादर ओढ़ कर उनका सम्मान में स्वागत किया। इस दौरान कई मंदिरों के महंत, पुजारी, संत एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

गरिमा को डॉक्टर ऑफ् फिलॉशफी की उपाधि

टांके। गरिमा गुणावत ने मणिपाल यूनिवर्सिटी, जयपुर से पत्रकारिता एवं जनसंचार विषय में डॉक्टर आफ् फिलॉशफी की उपाधि हासिल की है। इन्होंने ष्वसम व िथ्ंबज बेमबापदह ॅमइेपजमे पद ब्नतइपदह जीम ैचतमंक व िथ्ंम छमूे पद प्दकपं रू ।द ।दंसलजपबंस ैजनकलष विषय पर शोध किया है। इनका शोध डॉ. वैशाली कपूर, एसोसिएट प्रोफेसर के निर्देशन में पूरा किया है, डॉ. गरिमा गुणावत, वर्तमान में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर गुजरात में कार्यरत हैं। इन्होंने अब तक 6 पेपर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रकाशनों में प्रकाशित हुए हैं।

विद्युत उपकरण भेंट

मनोहरपुर। राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय देवबक्श की ढाणी में क्षेत्रीय भामाशाह एडवोकेट मोहनलाल कुड़ी साहब ने 10000 लागत के विद्युत उपकरण भेंट किए। प्रधानाध्यापक डॉ. राघवेंद्र त्रिवेदी ने धन्यवाद देते हुए बताया कि इससे पूर्व भी एडवोकेट साहब विद्यालय को जल व्यवस्था हेतु 47200 दे चुके हैं।

आमजन को जागरूक कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य करें : जिला कलक्टर

कोटपूतली। जिला कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में अग्रणी बैंक कार्यालय द्वारा जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। जिला कलेक्टर ने समिति सदस्यों से विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर लंबित सब्सिडी क्लेम एवं ऋण आवेदनों के लंबित प्रकरणों के नियमानुसार समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ऋण वितरण के लक्ष्यानुरूप कार्य करते हुये आमजन तक बैंकिंग से संबंधित योजनाओं की जानकारी विभिन्न माध्यमों से पहुंचायें, योजना की पात्रता, लाभ, उद्देश्य व प्रक्रिया के बारे में जरूरतमंद को सरल भाषा में जानकारी देने हेतु विशेष कार्य योजना बनाकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं

अधिकारियों की बैठक लेती जिला कलेक्टर।

सरकार का ध्येय है कि पीएम विश्वकर्मा व पीएम मुद्रा जैसी योजनाओं के माध्यम से सूक्ष्म व लघु उद्योगों हेतु जरूरतमंद कामगारों को ऋण व अन्य सहायता उपलब्ध कराकर सशक्त बनाया जायें। जिससे की वे मुख्यधारा से जुड़ सकें। उन्होंने निर्देशित किया कि समिति सदस्य कामगारों व युवाओं को विभिन्न बैंकिग योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान कर आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रोत्साहित करें व हरसंभव सहायता उपलब्ध करवायें। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं के

- **अग्रणी बैंक की जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित**

माध्यम से सफल हुये उद्यमियों, काश्तकारों व कामगारों की सफलता की कहानियों को आमजन तक पहुंचायें। आमजन को रोजगार हेतु एंटरप्रेन्योरशिप के माध्यम से विभिन्न अवसरों के बारे में जानकारी प्रदान कर सशक्त करने की दिशा में काम करें। बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक मुकेश कुमार गुर्जर ने विभिन्न योजनाओं के तहत की गई प्रगति की विस्तार से जानकारी प्रदान की। अग्रणी जिला अधिकारी आरबीआई राजाराम बैरवा ने साईबर क्राईम व फ्रौड बैंकिंग गतिविधियों के बारे में आमजन को जागरूक व सतर्क करने को कहा व जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड मीनाक्षी मीना ने बैंकिग सहायता से क्षेत्र में कामगारों द्वारा किये जा रहे दरी, गलीचे, बर्तन बनाने सहित विभिन्न कार्यों की विस्तार से जानकारी देकर भविष्य की कार्य योजना के बारे में बताया एवं नाबार्ड द्वारा संचालित नई योजनाओं व एरिया बेस योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान एजीएम एमएल कुलदीप, संयुक्त कृषि प्रबंधक महेंद्र जैन सहित संबंधित अधिकारी एवं समिति के सदस्य मौजूद रहें। बैठक में गत बैठक में लिये गये निर्णयों पर की गई अनुवर्ती कार्यवाही, अग्रणी बैंक योजनान्तर्गत बैंकिंग सांख्यिकीय आंकड़ों की बैंकवार सितम्बर 24 की दिसम्बर 24 से तुलनात्मक समीक्षा, साख जमा अनुपात व सामाजिक बैंकिंग पर विशेष चर्चा की गई।

ग्राम विकास अधिकारियो ने सौंपा ज्ञापन

मालपुरा । राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ मालपुरा शाखा की और से मंगलवार को संगठन की विगत पांच साल से लम्बित चल रही मांग को लेकर पंचायत समिति विकास अधिकारी अभिमन्यू चौधरी को ज्ञापन सोंपा। संगठन के जिलाध्यक्ष सुरेश चौधरी ने बताया कि विगत पांच साल से लम्बित पदोन्नतियों एवं अनुमानित 500 ग्राम विकास अधिकारियो के बंद लिफाफा व डेफर प्रकरणो के निस्तारण की मांग लम्बित चल रही है। जिस पर सरकार सकारात्मक संज्ञान लेने मे शिथिलता बरत रही है। चौधरी ने बताया कि आज प्रथम चरण मे ज्ञापन दिये गये है। अब 21 मार्च को सभी राजकीय व्हाटसप ग्रुपो से ग्राम विकास अधिकारी लैफ्ट होगें। साथ ही ग्राम विकास अधिकारियो की व्यक्तिगत व सामुहिक समस्या के लिये ब्लॉक स्तर पर प्रकोष्ठ बैठक का आयोजन करवाने के लिये भी विकास अधिकारी को अवगत करवाया।

भूपेंद्र यादव के आवास पर शोक व्यक्त करने पहुंचे माथुर, बाबा रामदेव सहित कई मंत्री

अलवर। अलवर सांसद व केंद्र सरकार में पर्यावरण वन मंत्री भूपेंद्र यादव के पिता कदम सिंह यादव के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर, योगगरु बाबा रामदेव, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री वर्तमान मे भारत सरकार में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, अर्जुन मुंडा सहित अनेक भाजपा के बडे नेता मंत्री भूपेंद्र यादव के पैतृक गांव जमालपुर निवास पर पहुंचे और श्रद्धांजलि अर्पित कर अपनी संवेदनाएं प्रकट की। इसके अलावा अलवर से राजस्थान विधानसभा प्रतिपक्ष नेता व अलवर ग्रामीण से विधायक टीकाराम जूली केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के पिता कदम सिंह यादव के निधन पर संवेदना व्यक्त करने पहुंचे। प्रतिपक्ष नेता टीकाराम जूली के साथ कांग्रेस सचेतक रफीक खान, विधायक मांगे लाल

भूपेंद्र यादव के पिता के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर, योगगरु बाबा रामदेव पहुंचे।

मीणा, जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा, संजीव बारेठ, संजय यादव, रामगढ से कांग्रेस टिकट पर चुनाव लड़े आर्यन जुबेर, तिजारा से कांग्रेस प्रत्याशी रहे इमरान खान ,हिम्मत सिंह सहित कांग्रेस नेता शोक व्यक्त करने पहुंचे।

अलवर शहर से विधायक व सरकार में मंत्री संजय शर्मा, किशनगढ बास से पूर्व विधायक व भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य रामहेत यादव, जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर सहित अनेक अलवर से भाजपा नेता केंद्रीय मत्री के पिता के निधन पर शोक व्यक्त करने पहुंचे थे।

सीबीईईओ को थमाया नोटिस

मालपुरा । निदेशक माध्यमिक शिक्षा कार्यालय बीकानेर आशीष मोदी के हस्ताक्षरो से मालपुरा सीबीईईओ बाबूलाल गुप्ता को थमाया कारण बताओं नोटिस। तीन दिवस मे मांगा स्पष्टीकरण। माध्यमिक शिक्षा निदेशक द्वारा जारी नोटिस मे अवगत करवाया कि अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बाबूलाल गुप्ता द्वारा 22 अगस्त 2०24 को ऑफलाईन आदेश जारी कर एक व्याख्याता को अग्रीम आदेशो तक शिक्षण कार्य हेतु आदेशित किया गया है। जबकि 26 जून 2०24 को सीबीईईओ मालपुरा को जारी आदेशो मे शाला दर्पण पोर्टल पर स्टाफ ड्यूटी मॉनिटरिंग, मॉड्यूल द्वारा ही कार्मिको की अल्पकालीन ड्यूटी के आदेश जारी करने हेतु निर्देशित किया गया था लेकिन मालपुरा सीबीईईओ ने विभागीय आदेशो की अवहेलना करते हुये एक व्याख्याता को ऑफलाईन आदेश जारी कर डेपॉटेशन पर लगा दिया।

प्रवेश द्वार के निर्माण में लागत से ज्यादा रुपए खर्च करने का आरोप

देवली। देवली पालिका द्वारा करवाए गए विकास के नाम निर्माण कार्यों में चढ़ी भ्रष्टाचारों की परत सिलसिलेवार यहां आए दिन खुलती चली आ रही है। ऐसा ही एक मामला फिर से सामने आया है। जिन प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य 20 से 25 लाख की लागत पर आसानी से

- **इस मामले में जब पालिका के अधिशाषी अधिकारी सुरेश कुमार मीणा से बात करनी चाही तो कई बार फोन करने के बाद भी अधिशासी अधिकारी ने फोन रिसीव नहीं किया**

हो सकता था। आरोप हैं कि उस निर्माण कार्य पर पालिका के अधिकारियों ने लगभग एक करोड़ रूपया खर्च कर दिया है। उस दौरान पालिका के अधिकारियों ने 49 लाख 99 हजार और 49 लाख 26 हजार रुपए उक्त प्रवेश द्वार निर्माण के नाम खर्च किए जाने की नीति तैयार करते हुए अलग

देवली पालिका ने 2022 में उक्त दो स्वागत प्रवेश द्वार पर खर्च कर डाले लगभग एक करोड़ रुपए।

अलग दिनांक पर दो टेंडर निकाले गए थे। इस दौरान पालिका कोष से लगभग एक करोड़ रूपया दोनों प्रवेश द्वार के निर्माण पर खर्च कर करना दिखाया गया था

उक्त दोनों प्रवेश द्वार निर्माण का खर्च आज भी 20 से 25 लाख की लागत से ज्यादा नहीं आ सकता है। ऐसे में उक्त दौरान पालिका ने जिन प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य एक करोड़ की लागत के खर्च पर करवाया गया उसमें कहीं ना कहीं सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ है। इस मामले में नाम नहीं छापने की शर्त पर निर्माण कार्यों से संबंधित कई ठेकेदारों ने जानकारी में बताया कि उक्त दौरान पालिका के अधिकारियों ने अपने चहते ठेकेदार को उक्त निर्माण कार्य करने का टेंडर दिया था। जिस प्रवेश द्वार निर्माण कार्य पर पालिका प्रशासन ने लगभग एक करोड रुपए खर्च कर डाले। वही प्रवेश द्वार आज भी आसानी से लगभग 20 से 25 लाख की लागत पर खड़े हो सकते हैं। परंतु पालिका प्रशासन ने उक्त प्रवेश द्वार के निर्माण पर आवश्यकता से अधिक सरकारी धन को खर्च करके कहीं न कहीं अपने चहेते लाखो रुपए का फायदा पहुंचाया गया है। इस मामले में जब पालिका के अधिशाषी अधिकारी सुरेश कुमार मीणा से बात करनी चाही तो कई बार फोन करने के बाद भी अधिशासी अधिकारी ने फोन रिसीव नहीं किया।

ग्रामीणों ने पीएचसी पर तालाबंदी कर 6 घंटे तक किया धरना प्रदर्शन

धरना प्रदर्शन लगभग 6 घंटे तक जारी रहा।

नारायणपुर । उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत बसई जोगियान में मंगलवार को डॉ. रेखा मीणा द्वारा घायल मरीजों की एमएलसी नहीं बनाने पर नाराज ग्रामीणों ने पीएचसी पर तालाबंदी कर 6 घंटे तक धरना प्रदर्शन किया। ग्रामीणों के अनुसार 9 मार्च की देर शाम को दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था, जिसमें कई महिला और पुरुष घायल हो गए थे। इसके बाद 10 मार्च को ग्रामीणों ने बसई जोगियान पीएचसी में कार्यरत डॉ. रेखा मीणा को घायलों की एमएलसी बनाने के लिए तहरीर दी थी, लेकिन कई दिन बीत जाने के बावजूद एमएलसी नहीं बनाई गई। इससे नाराज होकर ग्रामीणों ने मंगलवार सुबह 9 बजे से पीएचसी पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। धरना प्रदर्शन लगभग 6 घंटे तक जारी रहा। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मौके पर थानागाजी सीआई उमाशंकर, थानागाजी बीसीएमओं डॉ. बनवारी लाल यादव, और बानसूर बीसीएमओं डॉ. सुखीराम कुमावत पहुंचे और ग्रामीणों को समझाइश की। प्रशासन द्वारा घायलों की एमएलसी बनाए जाने के आश्वासन के बाद ही ग्रामीणों ने धरना समाप्त किया।

घायलों में शामिल ललिता पत्नी विक्रम, छोटी देवी पत्नी छोटे लाल, सरोज पत्नी रोहिताश, और रोहिताश पुत्र छोटे लाल की एमएलसी तैयार की गई। स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों को समय पर चिकित्सा सुविधा देने की मांग की। इस मौके पर पूर्व सरपंच श्याम सिंह तंवर, ग्यारसी लाल, भैरू सहाय प्रजापत, फत्ताराम, बाबूलाल, लीलाराम, मातादीन, गुल्लाराम, गोदाराम, रामकरण, बिमला, धाफा देवी, सरवणी, पतासी, लाली, उर्मिला समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

एम. एस. पी. पर खरीद शुरू करने की मांग, सौंपा ज्ञापन

श्रीमाधोपुर। किसान महापंचायत ने श्रीमाधोपुर के उपखंड अधिकारी अनिल कुमार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर सरसों की खरीद समर्थन मूल्य पर खरीद चालू करवाने की मांग की। महापंचायत के प्रदेश महामंत्री सुंदर भावरिया के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में लिखा है कि राजस्थान सबसे बड़ा

- **सरसों की खरीद समर्थन मूल्य पर खरीद चालू करवाने की मांग की**

सरसों उत्पादक प्रदेश है। लगभग 48 प्रतिशत सरसों का उत्पादन राजस्थान में होता है। 15 फरवरी को नई पैदावार बाजार में बिकने के लिए आने लगती है जिसको लेकर कई बार किसान सरकार से समर्थन मूल्य पर खरीद चालू करने की मांग कर चुका है। लेकिन आज तक समर्थन मूल्य पर खरीद शुरू नहीं नहीं की गई। मंडियों में सरसों न्यूनतम

किसान महापंचायत ने उपखंड अधिकारी अनिल कुमार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

समर्थन मूल्य से कम कीमत पर बिक रही है।

महापंचायत ने कृषि उपज मंडियों में न्यूनतम समर्थन मूल्य से ही नीलामी बोली शुरू करने, तौल केंद्रों पर छंटाई, छनाई व तेल अंश की मात्रा नापने के उपकरण निशुल्क उपलब्ध करवाने, किसानों से गिरदावरी की नकल मांगना बंद करने, ग्राम सेवा सहकारी समितियां में स्थाई खरीद केंद्र बनाने, प्राकृतिक आपदा में नष्ट हुई फसलों की क्षितिपूर्ति दिलाने, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत स्वीकृत राशि का तत्काल भुगतान करवाने, सिंचाई परियोजना के तहत सीकर, चूरू, झुंझुनू जिलों में सिंचाई के लिए यमुना जल समझौते को धरातल पर लाने, सरसों तथा चना की खरीद तुरंत शुरू करने, एक दिन में एक किसान से 25 क्विंटल खरीद को बढ़ाकर 40 क्विंटल करने की मांग की है। किसान को अपनी उपज ओने-पोने दामों में बेचने पर मजबूर होना पड़ रहा है। इस मौके पर ज्ञानचंद मीणा, तहसील अध्यक्ष सीताराम यादव, बीरबल मीणा, सुभाष चंद्र समोता, ग्यारसी लाल महरिया, सुखराम समोता, मालीराम यादव, करण सिंह काजला, अशोक काजला, श्रवण लाल मीणा मौजूद थे।

गौ सेवा कर मनाया जन्मदिन

पावटा। एक तरफ जहां लोग अपने बच्चों का जन्मदिन में घरों व रेस्टोरेंटों में मनाकर पाश्चात्य संस्कृति का अनुसरण करने में पीछे नहीं है। वहीं गौ सेवक करण पंसारी ने महंत मोहनदास महाराज के सान्निध्य में अपना जन्मदिन गौशाला में गोमाता के संग मनाकर एक अनूठी मिसाल कायम की है। पावटा कस्बे में रहने वाले करण पंसारी ने अपना जन्मदिन गोमाता के साथ मनाने का निर्णय लिया। वह अपने परिवार के साथ अपना जन्मदिन मनाने श्री कृष्ण गौशाला पावटा पहुंचे और बड़े चाव से गायों व बछड़ों की सेवा की।

उन्हें गुड़, हरा चारा खिलाकर अपना जन्मदिन मनाया। वही उनके द्वारा कृष्ण गौशाला पावटा में सुंदरकांड पाठ का आयोजन भी किया गया। करण पंसारी ने बताया कि पाश्चात्य संस्कृति को छोड़ अब लोगों को भारतीय परम्परा का निर्वहन करना चाहिए। इससे अन्य लोगों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर गोशाला समिति के पदाधिकारी, सदस्यों के साथ सुरेश शर्मा, संतोष गुप्ता, विवेक शर्मा, अरविंद गर्ग, अनूप गर्ग, लालचंद खंडेलवाल, रमेश कुमावत सहित गौ सेवक उपस्थित रहे।

सार-समाचार

भाजपा नेत्री रत्ना कुमारी ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए

जयपूर।भाजपा नेत्री रत्ना कुमारी शाहपुरा ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव जी के पूज्य पिताजी कदम सिंह जी के देवलोकगमन के उपरांत उनके पैतृक गांव जमालपुर पहुंचकर स्थित निज आवास पर आयोजित शोक सभा में पुण्यात्मा को श्रद्धा सुमन अर्पित किए तथा शोक संतप्त परिवारजनों का ढांढस बंधाया।

फागोत्सव मनाया

सांभरझील, (निसं)। यहां लक्ष्मीनारायण मंदिर के नजदीक समाज की ओर से भोजनशाला परिसर में समाज अध्यक्ष गोविंद मांधाना के सानिध्य में फागोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। सर्वप्रथम समाज के पदाधिकारियों और महिला पदाधिकारियों का मंच पर सम्मान किया गया। समाज के वरिष्ठजनों का आशीर्वाद लेकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। फाग के गीतों पर बच्चों व महिलाओं ने नृत्य की प्रस्तुतियां तो सभी मंत्र मुक्त हो गए। नन्हे बच्चों की जीवंत प्रस्तुतियां देख उपस्थितजनों ने उनका जोरदार तालियों से स्वागत किया। गायक दिनेश कुमार और उनकी टीम ने अनेक रचनाएं प्रस्तुत की। उनकी गायकी ने समाज बंधुओ को नाचने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर समाज की ओर से वरिष्ठ महिलाजनों का भी अलग से स्वागत और सम्मान किया गया। कार्यक्रम के पश्चात सभी को ठंडाई पिलाई गई। फागोत्सव कार्यक्रम की सराहना करते हुए समाज अध्यक्ष गोविंद मांधाना की ओर से करवाएंगे विकास कार्यों के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

खाद्य व्यापारियों को दिया जायेगा फॉस्टैक प्रशिक्षण

पावटा। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रक व खाद्य सुरक्षा अतिरिक्त आयुक्त, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोटपुतली बहरोड डॉ. आशीष सिंह शेखावत के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिले में व्यापारियों को स्वच्छ एवं स्वास्थ्य खाद्य सामग्री के निर्माण भंडारण परिवहन एवं विक्रय से संबंधित जानकारी हेतु फॉस्टैक ट्रेनिंग (फूड सेफ्टी ट्रेनिंग और सर्टिफिकेशन) प्रशिक्षण शिविर का आयोजन ओल्ड राव होटल में सुबह 10 से 12 बजे तक किया जाएगा। वही दोपहर 12 बजे बाद होटल मन्नत में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जायेगा पैकेज्ड फूड मटेरियल से संबंधित सभी नियमों की जानकारी, प्रत्येक पैकेज मटेरियल के लेबल पर लिखे जाने वाले अनिवार्य बिन्दुओं की जानकारी, फर्स्ट इन फर्स्ट आउट नियम की जानकारी एवं उनके पालन का तरीका , मिलावट के प्रकार और उन्हें पहचानने के तरीके समझाए जाएंगे। साथ ही उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य उपलब्ध करवाने में बरतने वाली सावधानियों के बारे में बताया जाएगा। जिसमें सभी खाद्य पदार्थ बेचने वाले व्यापारी जिसमें परचूनी वाले,हलवाई, किराना वाले, रेस्टोरेंट वर्कर,फल विक्रेता आदि शामिल हो सकते है। यह ट्रेनिंग अनिवार्य रूप से करनी जरूरी है जो कि सरकार द्वारा नि:शुल्क कराई जा रही है। ट्रेनिंग के बाद सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा जो कि खाद्य कारोबारकर्ताओं के लिए अनिवार्य है।

पिता की मौत के बाद बेटी को बांधी पगड़ी

चाकसू। देश में कई जगह अभी भी बेटियों को लेकर भ्रांति है जहां पिता की मौत पर बेटों के सिर पर ही पगड़ी बंधवाई जाती है। लेकिन इस परंपरा नई शुरुआत होने लगी है। कस्बे की श्यामपूरा की ढाणी निवासी लादुराम साहेब का 12 दिन पहले निधन हो गया था जिनके बाहरवें की सोमवार को रस्म थी जहां लादुराम साहेब के पुत्र नहीं होने के कारण लादुराम साहेब की पुत्री को पिता की पगड़ी की रस्म अदा की गई। क्षेत्रीय विधायक रामावतार बैरवा की मौजूदगी में स्व. लादुराम साहेब के बाहरवें की रस्म पर एक मात्र संतान सुपुत्री सावित्री देवी का (राजतिलक) पगड़ी दस्तूर किया गया बेटी के सिर पर परिवार और समाज ने मिलकर पगड़ी बांधी । पुरुष और बड़े-बुजुर्ग मौजूद थे। बेटी के सिर पर जब पिता की पगड़ी बांधी जा रही थी उस समय इस हृदय विदारक घटना को देख कई महिलाओं की आंखों से आंसू आने लग गए।

कार्यकर्ताओं की बैठक ली

किशनगढ़ बास। कांग्रेस संगठन में ब्लॉक व मंडल स्तर पर बदलाव कर ऊर्जावान कार्यकर्ता को आगे लाने के उद्देश्य से प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से विधानसभा में समन्वयक नियुक्त कर भेजे गए प्रभारी देव कसाना ने मंगलवार को किशनगढ़ बास में कार्यकर्ताओं की बैठक ली। यह बैठक विधायक दीपचंद खेरिया की मौजूदगी में हुई। विधायक दीपचंद खैरिया के निजी सहायक सुनील कान्त गोल्डी ने बताया कि विधायक कार्यालय आयोजित हुई ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव व नव नियुक्त किशनगढ़बास विधानसभा प्रभारी देव कसाना मुख्य अतिथि रहे। अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष संदीप पाटिल ने की। बैठक के दौरान विधायक दीपचंद खेरिया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी व राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश अनुसार संगठन में बदलाव को लेकर यह बैठक रखी गई है।

जांगिड़ समाज की बैठक आयोजित

फुलेरा । कस्बे के निकटवर्ती धार्मिक स्थल भ्नदे बालाजी परिसर स्थित जांगिड़ ब्रामण धर्मशाला में जांगिड़ समाज की एक बैठक का आयोजन मोहन लाल हर्षवाल एवं कानाराम कोतुकथलिया की अध्यक्षता में किया गया। बैठक के दौरान समाज के उत्थान पर विचार दिया गया। इसके लिए समाज बन्धुओं ने अपने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। इसके बाद वहीं उपस्थित मोहन लाल जी हर्षवाल अध्यश और काना राम कोटुकथालिय कार्यकारी अध्यक्ष एवं समाज के लोगों ने सर्वसहमति कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए कोषाध्यक्ष के पद पर मोहन लाल बुन्दवाल, महामंत्री के पद पर मदन लाल कोटुकथालिया, उपाध्यक्ष के रूप में जगदीश प्रसाद, सत्यनारण पेडवाल, गोपाल कोटकथालिया, रामकिशोर जांगिड़, गणेश लाल को नियुक्त किया गया। मंत्री के रूप में नवलकिशोर दायमा, एवम अन्य पद पर मनीष धामा, सुरेश हर्षवाल, सोहन हर्षवाल, मोहन लाल, प्रेम प्रकाश, दिनेश, अमित, देवकी नन्दन को नियुक्त किया गया। इसके बाद गठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित करवाया गया। इस अवसर पर समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे।

स्कूल बस चालक की लापरवाही ने मासूम बालिका की जान ली

पावटा। मैड पालड़ी तिराहे के पास एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में स्कूली बालिका अंजू यादव की मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब अंजू सड़क किनारे खड़ी होकर स्कूल बस का इंतजार कर रही थी। तभी एक निजी स्कूल बस के लापरवाह चालक ने तेज रफ्तार में नियंत्रण खो दिया और बच्ची को जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी भीषण थी कि जोरदार धमाके की आवाज आई और मासूम बालिका अंजू गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत उसे मैड सीएचसी पहुंचाया, लेकिन वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्थानीय लोगों ने बस चालक पर लापरवाही और तेज गति से वाहन चलाने का आरोप लगाया है। इस दर्दनाक हादसे के बाद लोगों में आक्रोश व्याप्त है और वे दोषी चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। वहीं मृतक बालिका के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि आरोपी चालक पर कठोर कार्रवाई हो।

भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

टोंक। टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत सीएमएचओ कार्यालय सभागार में टीबी (क्षय रोग) से संबंधित भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को टीबी रोग के प्रति जागरूक करना एवं इसके रोकथाम से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों का प्रचार-प्रसार करना था। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अक्षत जांगिड़ लावा (मालपुरा), द्वितीय स्थान पर तनु शर्मा निवाई एवं तृतीय स्थान पर अंजलि जग्रवाल रही।